## महत्वपूर्ण एवं खास


### कार्तिक स्नान करने आए युवक का पानी में डूबने से मौत

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना सारिया अंतर्गत महानदी किनारे बसे ग्राम पोरथ के शिव मंदिर के पोरथ महानदी घाट में दिनाँक 12 अक्टूबर को कार्तिक स्नान करने आए राजू निषाद पिता चैतन्य निषाद उम्र 19 वर्ष निवासी कांदुरपाली थाना सरिया का पानी में डूबने से निधन हो गया है। मृतक के पिता की सूचना पर थाना सरिया में मर्ग क्रमांक 39/19 धारा 174 सीआरपीसी पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया है। मृतक के पिता ने बताया कि राजू आज अपने दोस्तों के साथ मोटरसाइकिल पर सुबह कार्तिक स्नान करने के लिए पोरथ महानदी घाट आया था। सुबह करीब 6-7 बजे घटना की सूचना पाकर पोरथ महानदी घाट गया और स्थानीय गोताखोर व उसके दोस्तों की मदद से नदी में तलाश कर राजू के शव को बाहर निकालें।

### अवैध बिक्री के लिये रखी महुआ शराब जप्त

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सारंगढ पुलिस द्वारा दिनांक 11.11.19 को ग्राम जेवरा के शहरिया मिरी पिता शुकराम मिरी उम्र 35 साल को घर के पास अवैध रूप से शराब बेचने की सूचना पर शराब रेड कर पकड़ा। आरोपी के पास से दो जरकीन में रखा 07 लीटर कच्ची हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 700 रूपये जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना सारंगढ़ में 34(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

### प्रभारी मंत्री रविन्द्र चौबे का दौरा कार्यक्रम



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** संसदीय कार्य, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी, पशुधन विकास, मछली पालन, जल संसाधन एवं आयाकट विभाग तथा जिले के प्रभारी मंत्री रविन्द्र चौबे 13 नवंबर को रायगढ़ आयेंगे और दोपहर 12.45 से शाम 5 बजे तक जिला कार्यालय रायगढ़ में डी.एम.एफ शासी परिषद एवं जिला स्तरीय विभागीय कार्यो की समीक्षा बैठक लेंगे। और शाम 6 बजे रायगढ़ से चांपा के लिये प्रस्थान करेंगे।

### नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया से शिक्षक प्रधान पाठक संघ के सदस्यों ने की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर (आरएनएस)।** नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया से आज यहां उनके शासकीय निवास कार्यालय में शिक्षक प्रधान पाठक संघ के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात की। शिक्षक सुशील भतपहरी के नेतृत्व में हुए मुलाकात में प्रतिनिधिमंडल में सर्वश्री भरत लाल गहने, चिंताराम धीवर, रामसाय टाण्डे, संजय कुमार सिन्हा, युगेन्द्र खेलारे, खेलनराम साहू, विजय कुर्रे सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना में चालक की मौत, एक गंभीर




**कोरबा (आरएनएस)।** यहां के एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक बिलासपुर से एम्बुलेंस लेकर कोरबा लौट रहा था। यहां हादसे की खबर लगने पर परिजन और वार्डवासी सकते में आ गए। नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्रमांक 21 बुधवारी शॉपिंग काम्प्लेक्स बस्ती निवासी लालू पटेल उर्फ विश्वनाथ पटेल उम्र 25 की शादी पांच वर्ष पूर्व हुई थी। उसके दो मासूम बच्चे हैं। जिन्हें अभी शिक्षा भी नसीब नहीं हुई है। परिवार का पालन पोषण करने के लिए विश्वनाथ उर्फ लालू इन दिनों एम्बुलेंस वाहन चला रहा था। कोरबा से मरीजों को लेकर सीपत बिलासपुर की ओर गया था। वहां से मरीजों को छोड़कर वापस कोरबा लौट रहा था। बताया जाता है कि आधी रात को 1 बजे के करीब सीपत के पास उसकी वाहन खड़ी ट्रक से जा टकराई। इस दुर्घटना में लालू पटेल को काफी गंभीर चोटें आई। उसे तत्काल उपचार के लिए सीपत थाना पुलिस द्वारा पीएचसी सीपत ले जाया गया, लेकिन काफी गंभीर चोट होने के कारण उसकी वहां मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना देर रात्रि मृतक के बुधवारी स्थित निवास पहुंची। जिसके कारण उसके परिवार में एक ओर जहां शोकमय वातावरण पैदा हो गया और मासूमों तथा उनकी मां की लगातार विलाप करने से पूरे मोहल्ले में सन्नाटा पसर गया।

# विकासखण्ड स्तरीय नेशनल ट्रायवल डांस फेस्टिवल प्रतियोगिता में लोक नृत्य, गीत की छटा देखने को मिली








**» चार थीम विवाह, फसल कटाई, पारंपरिक त्यौहार और बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ पर आधारित था » तीन स्तर पर विकासखण्ड जिला और राज्य स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित**


**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला प्रशासन और जनपद पंचायत रायगढ़ द्वारा पंजरी प्लांट नगर निगम आडिटोरियम में विकासखण्ड स्तरीय नेशनल ट्रायवल डांस फेस्टिवल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। आदिवासी लोकनृत्य, लोकगीत, लोक संस्कृति से समाहित चार थीम पर आधारित प्रतियोगिता में विवाह, फसल कटाई,पारंपरिक त्यौहार और बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं थीम को भी शामिल किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक ने किया।

इस अवसर पर रायगढ़ जनपद पंचायत के अध्यक्ष रामकुमार भगत, कलेक्टर यशवंत कुमार, रायगढ़ एसडीएम आशीष देवांगन, जनपद पंचायत रायगढ़ सीईओ सागर सिंह राज, सहायक आयुक्त आदिवासी जितेन्द्र गुप्ता, प्राचार्य राजेश डेनियल, डॉ. नरेन्द्र पर्वत, रोशनी दुबे, श्रीकांत पांडेय, आदिवासी लोक कलाकार अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। नेशनल ट्रायवल डांस फेस्टिवल का आयोजन तीन स्तर पर किया जा रहा है। विकासखण्ड स्तर पर चयनित प्रतिभागी, जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। और जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागी राज्य स्तर पर अपनी कला को दिखायेंगे। कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग द्वारा पारंपरिक पकवान ठेठरी, खुरमी का स्टाल लगाया गया था। विधायक और कलेक्टर ने पारंपरिक पकवान का स्वाद लिया।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आदिवासी लोक नृत्य , लोक कला, लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिये सार्थक प्रयास कर रही है साथ ही युवा वर्ग को अपनी कला क` क्षेत्र में आगे लाने का प्रसास कर रही है। कार्यक्रम में डॉ. नरेन्द्र पर्वत ने लोक संस्कृति लोक परंपरा का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि आदिवासी समुदाय अपनी परंपराओं और अपनी प्रकृति को धरोहर के रूप में सहेज कर रखते है। हमारे रायगढ़ जिले के नव विकासखण्ड में पांच विकासखण्ड आदिवासी बाहुल्य विकासखण्ड शामिल है। नेशनल ट्रायवल डांस फेस्टिवल प्रतियोगिता में कला का चयन परंपरागत नृत्य, पहनावा, वाद यंत्र आदि को विशेष ध्यान रखा गया था। कार्यक्रम की प्रथम प्रस्तुति ग्राम पंचायत सियारपाली के कलाकार द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं अभियान थीम पर आधारित छत्तीसगढ़ी गीत सोना नई, चांदी नई जिये के अधिकार हे.........दाई ददा के सपना हमु मन ल लिखे पढ़े के अधिकार दे' की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। दूसरी प्रस्तुति ग्राम जोरापाली के कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ भजन प्रस्तुत किया गया। तीसरी प्रस्तुति ग्राम पंचायत खैरपुर के द्वारा लोकनृत्य की प्रस्तुति दी गई।

## मुख्यमंत्री शामिल हुए गुरूनानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व में





**» सिख समाज ने मुख्यमंत्री को सरोपा भेंट कर किया स्वागत**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज यहां राजधानी रायपुर के खालसा स्कूल में आयोजित गुरुनानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व में शामिल हुए। उन्होंने गुरू ग्रन्थ साहिब में मत्था टेका और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को प्रकाश पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गुरुनानक देव महान संत थे जिन्होंने जीवन जीने की कला सिखलाई। उन्होंने प्रेम, सदाचार, भाईचारा और समानता का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने गुरुनानक देव के जीवन से जुड़े प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरुनानक देव जी ने जो खरा सौदा किया वही आज लंगर के रूप में प्रसिद्ध है।

मुख्यमंत्री ने सिख समाज की प्रशंसा करते हुए कहा कि सिख समाज की पहचान एक जिंदा दिल कौम के रूप में है। हर परिस्थिति में कैसे खुश रहा जा सकता है उनसे सीखा जा सकता है। इस अवसर पर गुरूदारा प्रमुख दिलीप सिंह होरा, विधायक कुलदीप जुनेजा, कृपाल सिंह होरा, निरंजन सिंह खनूजा, इन्द्रजीत सिंह छावड़ा और प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का शॉल, श्रीफल और सरोपा भेंट कर स्वागत किया।

## दिगर जिला स्थानांतरण हुये टी.आई. जायसवाल व एस.आई कश्यप को यातायात स्टाफ ने दी विदाई



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना यातायात रायगढ़ में कार्यरत निरीक्षक लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल एवं उप निरीक्षक रामफल कश्यप का पुलिस मुख्यालय द्वारा जिला रायगढ़ से स्थानांतरण क्रमशः जिला रायपुर व जिला जांजगीर-चाम्पा किया गया है। दोनों अधिकारियों को जिले से नवीन पदस्थापना के लिये कार्यमुक्त किया गया है। आज दिनांक 12.11.19 को सुबह थाना यातायात में दोनों अधिकारियों को विदाई दी गई। ए.एस.पी. यातायात आर.के. मिंज द्वारा निरीक्षक लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल एवं उप निरीक्षक रामफल कश्यप के यातायात थाना में किये गए उनके अविस्मरणीय कार्यो को बताते हुये उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाए दी गई। यातायात स्टाफ द्वारा भी दोनों अधिकारियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर कर शुभकमनायें दी गई। अंत में टी.आई. जायसवाल व उप निरीक्षक कश्यप द्वारा यातायात में अपने अनुभव को अपने साथियों के साथ साझा किये।



### राज्यपाल से असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया कुमार ने की सौजन्य भेंट

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से आज यहां राजभवन में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया बी. गोपा कुमार ने सौजन्य मुलाकात की।

## व्हाटसअप पर अश्लील मैसेज करने वाला युवक गिरफ्तार, रिमांड बाद गया जेल दाखिल



**न्याय साक्षी/ रायगढ़।** थाना बरमकेला में दिनांक 14.09.18 को स्थानीय युवक द्वारा उसके मोबाईल में व्हाटसअप मैसेंजर पर उसकी बहन को लेकर कोई अज्ञात युवक अपने व्हाटसअप से अश्लील व अभद्र मैसेज करने के संबंध में आवेदन दिया गया था जिस पर आरोपी मोबाईल नम्बर 989343×××× के अज्ञात धारक के विरूद्ध अप.क्र. 189/19 धारा 509(ख) ताहि एवं 67(क) आई0टी0 एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दरम्यान मोबाईल नम्बर का डिटेल एवं व्हाटसअप मैसेज का मिलान/पुष्टि के लिये फारेंसिक कार्यालय भेजा गया था। मोबाईल नम्बर 989343 ×××× के धारक की पुष्टि उमेश अग्रवाल पिता राजूलाल अग्रवाल उम्र 24 वर्ष निवासी लेन्ध्रा थाना बरमकेला के रूप में होने पर उसे दिनांक 11.11.2019 को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया, जिसका जेल वारंट प्राप्त होने पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया है।

## राज्यपाल गुरू नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व में हुईं शामिल

**» तीर्थ स्थल करतारपुर साहब जाकर दर्शन की सुविधा मिलने पर दी बधाई**



**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज स्थानीय खालसा स्कूल में गुरूसिंघ सभा, रायपुर द्वारा आयोजित गुरू नानक देव जी का 550वां प्रकाश पर्व में शामिल होकर उपस्थित लोगों को प्रकाश पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस बार प्रकाश पर्व कई मायनों में खास है। यह 550 वां प्रकाश पर्व है और इस अवसर पर सिक्ख धर्म के प्रमुख तीर्थ स्थल करतारपुर साहब जो कि पाकिस्तान में स्थित है, वहां जाकर दर्शन की सुविधा भी भक्तों को उपलब्ध हो सकी है।

राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि गुरु नानक देव जी के उपदेश आज भी प्रासंगिक है अपितु आज तो इनकी आवश्यकता और भी अधिक है। यदि हम गुरु नानक देव को मानते हैं, तो यह समझना चाहिए कि इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नही है। उनका संदेश है 'अव्वल अल्लाह नूर उपाया कुदरत के सब बंदे एक नूर ते सब जग उपजेया कौन भले को मंदे' अर्थात सभी इंसान एक दूसरे के भाई हैं। ईश्वर सबके पिता हैं, फिर एक पिता की संतान होने के बावजूद हम ऊंच नीच कैसे हो सकते हैं। गुरू नानक जी ने सिक्ख धर्म में लंगर की प्रथा आरम्भ करवाई, जिसमें भेद भाव से परे अमीर गरीब सब एक स्थान पर बैठ कर लंगर छके, यही संदेश था। राज्यपाल ने कहा कि हमारे भारत देश में, हर युग में ऐसे संत एवं महापुरूषों ने जन्म लिया है, जिन्होंने समाज को नई राह दिखाई। जिस समय गुरू नानक देव जी प्रकट हुए थे, उस वक्त समाज में छुआछूत, ऊंच-नीच, असमानता, कुरीतियां जैसी अनेक बुराईयां व्याप्त थीं।

## केजीएच में कार्यरत नर्स के सूने मकान का ताला तोड़कर हजारों की चोरी



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** के0जी0एच0 रायगढ़ में स्टाफ नर्स का कार्य करने वाली शकुन्तला धिरहे, महिला बस्ती गृह अनाथालय क्वाटर नं0 10 में रहती है। दिनांक 11/11/2019 के सूबह करीब 07:30 बजे शकुन्तला धिरहे अपने क्वाटर का दरवाजा को ताला बंद कर ड्यूटी में के0जी0एच0 रायगढ़ आ गई थी, जहां से शाम करीब 04:00 बजे ड्यूटी से वापस घर लौटी तो देखी बाथरूम में लगे वेन्टीलेटर की जाली निकलकर घर अंदर प्रवेश कर कोई अज्ञात व्यक्ति कमरे अंदर रखे अलमारी के लेडीस पर्स में रखे सोने की 2 बाली करीब 3 ग्राम, चांदी का दो पायल करीब 08 तोला एवं नगदी रकम 10000 रू कुल कीमती 25,000 रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। चोरी की पर थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 982/19 धारा 454,380 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480